दैनिक
# नईदुनिया
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | ↑ 38.5° | ↓ 25.0° |
| इंदौर | ↑ 36.6° | ↓ 25.0° |
| ग्वालियर | ↑ 40.8° | ↓ 26.5° |
| जबलपुर | ↑ 31.0° | ↓ 23.4° |

सूर्योदय- **5.34** सूर्यास्त-**7.06**



हर खिलाड़ी को मौका देने की... 7

वर्ष- 75 ( भोपाल: वर्ष 36 अंक 195, पृष्ठ 8 ) शनिवार 12 जून, 2021 राजधानी संस्करण. कीमत: रु. 3:00 www.naiduniaonline.com

**खास-खबर**

### सचिन पायलट नाराज नहीं : अजय माकन

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** जितिन प्रसाद के जाने के बाद राजस्थान में कांग्रेस डैमेज कंट्रोल मोड में है। कांग्रेस नेता सचिन पायलट की नाराजगी को लेकर पूछे जाने पर राजस्थान कांग्रेस प्रभारी अजय माकन ने कहा, मैं पायलट जी से नियमित रूप से बात कर रहा हूं। अगर वह नाराज होते, तो मुझसे बात नहीं करते। ये टिप्पणियां राजस्थान कांग्रेस प्रभारी अजय माकन ने दिल्ली में ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए की।

### दिलीप कुमार को अस्पताल से मिली छुट्टी

**मुंबई ( एजेंसी )।** जाने-माने अभिनेता दिलीप कुमार को शुक्रवार को अस्पताल से छुट्टी मिल गई। दिलीप कुमार (98) को सांस लेने में दिक्कत होने पर पांच दिन पहले उपनगरीय खार के हिंदुजा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दिलीप कुमार के फेफड़ों के बाहर तरल पदार्थ एकत्र हो गया, जिसे बुधवार को चिकित्सकों ने सफलतापूर्वक निकाल दिया था। दिलीप कुमार के आधिकारिक ट्विटर अकाउंटर पर कहा गया,'' आप सभी की दुआओं से दिलीप साहब अस्पताल से घर जा रहे हैं। आपका अपार प्यार और स्नेह हमेशा साहब के दिल को छू जाता है।'' दिलीप कुमार को पहले बृहस्पतिवार को अस्पताल से छुट्टी दी जानी थी लेकिन परिवार और चिकित्सकों ने कुमार को एक दिन और अस्पताल में रखने का फैसला किया।

### मलाड में मकान गिरने की होगी न्यायिक जांच

**मुंबई( एजेंसी )।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने मुंबई के मलाड मालवणी में मकान गिरने के हादसे की न्यायिक जांच का आदेश दिया है। जांच कमिश्नर स्तर के अधिकारी करेंगे। हाईकोर्ट ने इसके साथ ही 24 जून तक प्राथमिक जांच रिपोर्ट देने का भी आदेश दिया है। अदालत ने मुम्बई बीएमसी और एमएमआर रीजन के सभी म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन को चेतावनी दी कि अगर फिर से इस तरह मकान गिरने का हादसा हुआ तो अदालत चुप नहीं बैठेगी। कोर्ट ने मामले पर सुनवाई 24 जून तक स्थगित की है तब तक बीएमसी को लिखित रूप में अदालत को अवैध संरचनाओं और निर्माण के तरीकों की विस्तृत जानकारी देनी होगी। कोर्ट ने कहा है कि न्यायिक जांच करने वाले आयुक्त को जांच की प्रारंभिक रिपोर्ट जमा करनी होगी। बॉम्बे हाई कोर्ट ने टिप्पणी की कि मलाड में अवैध निर्माण पर सर्जिकल स्ट्राइक जैसे एक्शन की जरूरत है।

27 घंटे के दिल्ली दौरे के बाद योगी लौटे यूपी, मोदी, शाह और नड्डा की हुई बैठक

# केंद्र और उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल में फेरबदल की अटकलें तेज

**नई दिल्ली(एजेंसी)।**



**उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 27 घंटों का दिल्ली दौरा पूरा हो गया है और वो वापस यूपी लौट गए हैं। यूपी की सियासी सरगर्मियों के बीच अपने मुख्तसर से दौरे पर सीएम योगी ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई बड़े नेताओं से मुलाकात की। शाम को नड्डा और शाह ने श्री मोदी से भेंट की। इनकी बैठक के बाद केंद्र और उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल में फेरबदल की अटकलें तेज हो गई हैं।**

सीएम की ताबड़तोड़ बैठकों के बाद गृह मंत्री शाह और जेपी नड्डा उत्तर प्रदेश के राजनीतिक हालात पर चर्चा करने के लिए शुक्रवार देर शाम पीएम आवास पहुंचे। उत्तर प्रदेश के मौजूदा घटनाक्रम को लेकर बीजेपी के शीर्ष नेताओं के साथ पीएम मोदी की इस बैठक को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सीएम योगी ने अपने दिल्ली दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से 7, लोक कल्याण मार्ग स्थित उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की। करीब 1 घंटे 20 मिनट की इस लंबी मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री आवास से बाहर निकले मुख्यमंत्री योगी ने पत्रकारों से कोई बातचीत नहीं की और सीधे बीजेपी अध्यक्ष जे पी नड्डा से मिलने उनके आवास की ओर निकल गए। इस बीच, योगी ने ट्वीट कर कहा, ''आज आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट एवं मार्गदर्शन प्राप्ति का सौभाग्य प्राप्त हुआ। अपनी व्यस्ततम दिनचर्या से भेंट के लिए समय प्रदान करने व आत्मीय मार्गदर्शन करने हेतु आदरणीय प्रधानमंत्री का हृदयतल से आभार।''जेपी नड्डा से भी सीएम योगी की मुलाकात लंबी चली। इसके बाद उन्होंने ट्वीट कर कहा, आज आदरणीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट कर विभिन्न विषयों पर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। अपनी व्यस्त दिनचर्या से मुझे समय प्रदान करने के लिए आदरणीय अध्यक्ष जी का कोटिश: आभार। दो दिवसीय दौरे पर दिल्ली आए योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी और विभिन्न मुद्दों पर उनसे तकरीबन डेढ़ घंटे तक चर्चा की थी। शाह के साथ बैठक में योगी ने उन्हें 'प्रवासी संकट समाधान' रिपोर्ट की एक प्रति भी दी। अमित शाह से मुलाकात के बाद सीएम ने ट्वीट किया, आज आदरणीय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। भेंट हेतु अपना बहुमूल्य समय प्रदान करने के लिए आदरणीय गृह मंत्री जी का हार्दिक आभार। एक तरफ सीएम योगी की मैराथन बैठकें जारी थीं और दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश के बीजेपी के सहयोगी दल के नेताओं ने अमित शाह के साथ दिल्ली में बैठकें की। गुरुवार को निषाद पार्टी के अध्यक्ष डॉ संजय निषाद और अपना दल की अनुप्रिया पेटल ने अमित शाह के साथ बैठक की। अभी कुछ दिन पहले ही बीजेपी के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बी एल संतोष और पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी राधामोहन सिंह ने लखनऊ का दौरा किया था और अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी की तैयारियों की समीक्षा की थी। दोनों ( शेष पेज 2 पर )

# आया मानसून झूम के, भोपाल में एक घंटे में 1 इंच बारिश, गुना में ओले गिरे

## धार नदी उफनने से नागपुर हाईवे जाम, एंबुलेंस फंसी

**भोपाल(काप्र)।**

**मध्यप्रदेश में गुरुवार को मानसून ने बैतूल की तरफ से और तेजी से दस्तक दे दी। भोपाल में मानसून सक्रिय हो गया है। शुक्रवार दोपहर तेज हवाओं और गरज-चमक के साथ भोपाल में मूसलधार बारिश हुई। एक घंटे में करीब एक इंच बारिश हुई।**

कई जगह पानी भर गया। इसके अलावा गुना के बमौरी क्षेत्र में भी बारिश के साथ ओले गिरे हैं। इसके अलावा ग्वालियर, इंदौर, होशंगाबाद, खंडवा में मौसम साफ है। यहां सुबह से तेज धूप है। उमस से लोग बेहाल हैं। वहीं, सागर, छिंदवाड़ा में बादल छाए हुए हैं। भोपाल-नागपुर हाइवे पर धार नदी की पुलिया पर बाढ़ आने से रास्ता बंद हो गया। एम्बुलैंस भी फंस गई। पानी उतरने पर वाहन निकलना शुरू हुए। भोपाल में सुबह से मौसम साफ था। दोपहर होते-होते बादलों ने पूरे शहर को घेर लिया। दोपहर करीब 3:30 बजे ही शाम जैसा मौसम हो गया। इसके बाद तेज हवाएं चलने लगी। करीब 15 मिनट बाद तेज बारिश शुरू हो गई। शहर के एमपी नगर, आनंद नगर, आयोध्या नगर, पिपलानी, रायसेन रोड, पुराना भोपाल, होशंगाबाद रोड आदि क्षेत्रों में तेज बारिश हुई। विंध्य क्षेत्र में भी मानसून ने दस्तक दे दी है। यहां गुरुवार को रीवा और सतना जिले में शहर से लेकर गांव तक रिमझिम बारिश हुई है। रात करीब 8।15 बजे से चालू हुआ बारिश का सिलसिला देर रात 12 बजे तक रिमझिम बारिश के रूप में चलता रहा है। हालांकि शुक्रवार सुबह से लेकर शाम तक मौसम साफ रहा। 24 घंटों में ही मानसून जबलपुर, होशंगाबाद, शहडोल और इंदौर के अधिकांश संभागों में फैल गया, जबकि भोपाल और सागर के कुछ हिस्सों में यह सक्रिय हो चुका है।

बैतूल में मानसून की दस्तक के साथ तेज बारिश से शुक्रवार को बैतूल-इटारसी के बीच स्थित धार नदी में बाढ़ आ गई, जिससे अब्दुलागंज-नागपुर हाइवे पर जाम लग गया। करीब 5 घंटे नेशनल हाइवे बंद रहा। इस दौरान हाइवे पर पुल के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम में बैतूल से भोपाल मरीज को ले जा रही एम्बुलेंस भी फंस गई। पानी कम होने पर दोपहर 2 बजे केसला और बैतूल के भौंरा पुलिस ने वाहनों को निकलना शुरू हुआ और 3 बजे तक यातायात पूरी तरह से सुचारू हो गया। बैतूल में 10 जून से मानसून ने ( शेष पेज 2 पर )

# भाजपा डूबती नैया, हम नहीं होंगे सवार:राजभर

**लखनऊ (एजेंसी)।**

**उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से शुरू हुई अटकलों के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से सांसद अनुप्रिया पटेल और संजय निषाद ने मुलाकात की है।**

इसे लेकर यूपी की सियासत में अटकलें शुरू हो गयी। इस बीच, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने निशाना साधा और कहा, भाजपा डूबती हुई नैया है, जिसको इनके रथ पर सवार होना है हो जाए, पर हम सवार नहीं होंगे।



ओमप्रकाश राजभर ने शुक्रवार को अपने ट्वीट में लिखा, भाजपा डूबती हुई नैया है,जिसको इनके रथ पर सवार होना है हो जाये पर हम सवार नहीं होंगे। जब चुनाव नजदीक आता है तब इनको पिछड़ो की याद आती है। जब मुख्यमंत्री बनाना होता है तो बाहर से लाकर बना देते हैं। हम जिन मुद्दों को लेकर समझौता किये थे, साढ़े चार साल बीत गया, एक भी काम पूरा नहीं हुआ।उन्होंने आगे लिखा, उ।प्र।में शिक्षक भर्ती में पिछड़ो का हक लुटा, पिछड़ों को हिस्सेदारी न देने वाली भाजपा किस मुंह से पिछड़ो के बीच मे वोट मांगने आएंगी?

# कोरोना केस घटने से प्रतिबंध घटेंगे लेकिन चौकस रहें, लापरवाही बिल्कुल न हो : पॉल

**नई दिल्ली(एजेंसी)।**

**नीति आयोग के सदस्ये वीके पॉल ने देश में कोरोना के नए मामलों की संख्यात में आई कमी के बाद प्रतिबंध/सख्तीन घटाए जाने के संकेत दिए हैं। उन्होंतने शुक्रवार को मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा, सख्ती हटेगी लेकिन लोगों को कोविड प्रोटाकॉल के अनुरूप व्यगवहार बनाए रखना होगा।**

चौकस रहें और लापरवाही बिल्कुकल न हो, यह हमारी जिम्मेदारी होनी चाहिए। पॉल ने बताया कि नेशनल ह्यद्गह्ल्थ सर्वे की तैयारी हो गई है। इसी माह ये सर्वे



आईसीएमआर करेगी। साथ ही कहा कि राज्यों को भी ह्यद्गह्ल्थ सर्वे करना होगा। सिर्फ नेशनल से काम नहीं चलेगा। नीति आयोग के सदस्यी पॉल ने इसके साथ ही हेल्थ वर्कर, फ्रंटलाइन वर्कर, बुजुर्गों से अपील की कि वे वैक्सीईन की दूसरी डोज लें। ब्लैक फंगस की दवा की कमी से संबंधित सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, मैं बड़े कॉन्फिडेंस से कह सकता हूं कि उपलब्धलता बढ़ी है। सब संसाधन से लेकर आए हैं। हाल में एक बड़े देश से भी लेकर आए हैं। मुझे लगता है कि हम आपूर्ति को ठीक करने में सफल हो जाएंगे लेकिन अगर फिर भी अगर कहीं कमी होगी और हमारे पास आती है तो उसको एड्रेस करेंगे। अगले सीरो सर्वे के लिए आईसीएमआर इसी महीने काम शुरू कर देगा। उन्होंने कहा कि अगर हम अपने भौगोलिक क्षेत्रों की रक्षा करना चाहते हैं तो केवल राष्ट्रीय सीरो सर्वे पर निर्भर रहने से काम नहीं चलेगा।

### भारत-बांग्लादेश सीमा पर पकड़ा गया चीनी नागरिक निकला जासूस, पिछले दो साल में तीन बार आया था दिल्ली

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** देश में फैली कोरोना महामारी के बीच गुरूवार को बीएसएफ ने एक चीनी नागरिक को गैर-कानूनी तरीके से बांग्लादेश बॉर्डर से भारत में दाखिल होते हुए धर-दबोचा। इस चीनी नागरिक को पश्चिम बंगाल के मालदा में दाखिल होते हुए पकड़ा गया था। अब तक की जांच में साफ हो गया है कि यह चीनी नागरिक एक जासूस है। इसका नाम हान जुनवई (36 साल) है। जुनवई गलत इरादे से भारत की सीमा में घुसपैठ की कोशिश कर रहा था। इसीलिए उसे आधिकारिक तौर से गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके एक साथी को कुछ समय पहले उत्तर प्रदेश पुलिस की एंटी टेरर स्कॉवयड (एटीएस) ने गिरफ्तार किया था। हान जुनवे खुद और उसकी पत्नी भी इस मामले में सह-आरोपी हैं। भारत में वांछित होने के चलते उसे भारत का वीजा नहीं मिल रहा था। पूछताछ में हान जुनवे ने खुलासा किया कि उसका साथी हर महीने भारत से 10-15 भारतीय सिम कार्ड चीन भेजता था। जुनवे ने बताया कि उसका गुरूग्राम में एक होटल है, जिसमें कई दूसरे चीनी ( शेष पेज 2 पर )

मुकुल रॉय की तृणमूल में वापसी कहा

# घर में आकर अच्छा लग रहा है

**कोलकाता( एजेंसी )। बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुकुल रॉय और उनके बेटे सुभ्रांशु रॉय की आज करीब चार साल बाद घर वापसी हुई है। नवम्बर 2017 में टीएमसी छोड़कर बीजेपी में शामिल होने वाले मुकुल रॉय पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से आज लंबी चर्चा के बाद उनकी पार्टी का दामन थाम लिया।**

इस मौके पर ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने मुकुल रॉय को पार्टी का पटका पहनाया और गले लगाया। इसके बाद मुकुल रॉय ने कहा कि घर में आकर अच्छा लग रहा है। बंगाल ममता बनर्जी का है और रहेगा। मैं बीजेपी में नहीं रह पा रहा था। वहीं ममता बनर्जी ने कहा कि मुझे खुशी है कि मुकुल घर लौटे हैं। बीजेपी में गए कई और नेता वापस आना चाहते हैं। हमने कभी भी



किसी की पार्टी नहीं तोड़ी। हमने एजेंसियों का इस्तेमाल नहीं किया है। जो आना चाहते हैं वही पार्टी में आ रहे हैं। सिर्फ इमानदार नेताओं के लिए टीएमसी में जगह है। टीएमसी अध्यक्ष ममता ने कहा, जिन्होंने पार्टी की आलोचना की, बीजेपी और पैसे के लिए चुनाव से पहले जिन्होंने पार्टी को धोखा दिया उनकी वापसी नहीं होगी। वे गद्दार हैं। पिछले कुछ दिनों से मुकुल रॉय ने बीजेपी से दूरी बनाई ( शेष पेज 2 पर )

कोरोना से मरने वालों के परिवार को 4 लाख मुआवजे की मांग

# सुको ने केंद्र से 10 दिन में फैसला लेने को कहा

**नई दिल्ली(एजेंसी)।**



**केंद्र ने आज सुप्रीम कोर्ट को बताया कि कोरोना से मरने वालों लोगों के परिवार को 4 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग पर सहानुभूति पूर्वक विचार चल रहा है। जल्द ही निर्णय ले लिया जाएगा।**

केंद्र ने मृत्यु प्रमाणपत्र में मौत की सही वजह दर्ज करने की मांग पर भी जवाब के लिए समय का अनुरोध किया। कोर्ट ने सरकार को जवाब के लिए 10 दिन का समय देते हुए 21 जून को अगली सुनवाई की बात कही। इस मामले पर जस्टिस अशोक भूषण और एम आर शाह की बेंच ने केंद्र सरकार को 24 मई को नोटिस जारी किया था। केंद्र की तरफ से आज पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि सरकार इस याचिका के खिलाफ नहीं है। मामले को पूरी सहानुभूति के साथ देखा जा रहा है। इस पर जजों ने कहा कि बिहार जैसे कुछ राज्यों ने अपनी तरफ से 4 लाख रुपये मुआवजे का ऐलान किया है, लेकिन अधिकतर राज्यों ने अपनी नीति तय नहीं की है। इस पर मेहता ने कहा कि केंद्रीय स्तर पर बहुत जल्द नीति तय कर ली जाएगी। कोरोना के प्रबंधन से जुड़े दूसरे मामलों में व्यस्तता के चलते इसमें कुछ समय लग गया। सॉलिसिटर जनरल ने कोर्ट से 2 हफ्ते का समय मांगा, लेकिन जजों ने कहा कि वह ग्रीष्म अवकाश के दौरान ही इस मामले का निपटारा कर देना चाहते हैं। इस टिप्पणी के साथ ( शेष पेज 2 पर )

# बैंक लोन की ईएमआई माफ करने पर सुनवाई से सुको ने मना किया


**नई दिल्ली(एजेंसी)।**

**लोगों को फिलहाल लोन की ईएमआई न चुकाने की सुविधा देने की मांग पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने मना कर दिया है। याचिका में कहा गया था कि कोरोना और लॉकडाउन के चलते बहुत से लोग आर्थिक संकट झेल रहे हैं।**

ऐसे में केंद्र सरकार को 6 महीने के लोन मोरेटोरियम का ऐलान करना चाहिए। कोर्ट ने सुनवाई से मना करते हुए कहा कि वित्तीय नीति पर फैसला लेना सरकार का काम है। याचिकाकर्ता चाहे तो सरकार को ज्ञापन दे सकता है। वकील विशाल तिवारी की याचिका में कहा गया था कि इस साल कोरोना के चलते लोगों के सामने आर्थिक समस्याएं हैं। पिछले साल तो सरकार ने लोन मोरेटोरियम का ऐलान किया था, लेकिन इस साल ऐसा नहीं किया। केंद्र सरकार को 6 महीने के लोन मोरेटोरियम का ऐलान करना चाहिए। इसके तहत बैंक और वित्तीय संस्थानों से लोगों को कर्ज की किश्त न चुकाने का विकल्प देने के लिए कहा जाए। साथ ही इस दौरान टाली गई ईएमआई पर कोई ब्याज ( शेष पेज 2 पर )

# केंद्र को लड़ने के बजाय राज्यों के साथ मिलकर करना चाहिए काम:केजरीवाल

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र को राज्य सरकारों से लड़ने और उन्हें कोसने के बजाय उनके साथ मिलकर काम करना चाहिए। केजरीवाल ने ट्विटर पर उस मीडिया रिपोर्ट को टैग किया है जिसके मुताबिक केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने केजरीवाल सरकार को लोगों तक राशन और ऑक्सीजन पहुंचाने में कथित तौर पर नाकाम रहने के लिए जिम्मेदार ठहराया है।



इसके जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि देश तभी प्रगति करेगा जब 130 करोड़ जनता, सभी राज्य सरकारें और केंद्र मिलकर 'टीम इंडिया' की तरह काम करेंगे। उन्होंने ट्वीट किया, ''आज लोग केंद्र में ऐसा नेतृत्व देखना चाहते हैं जो, पूरा दिन राज्य सरकारों को गाली देने और उनसे लड़ने की बजाय, सबको साथ लेकर चले। देश तब आगे बढ़ेगा जब 130 करोड़ लोग, सभी राज्य सरकारें और केंद्र मिलकर टीम इंडिया बनकर काम करेंगे। इतना गाली गलौज अच्छा नहीं।''

इससे पहले, केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि दिल्ली सरकार की प्रस्तावित घर-घर राशन पहुंचाने की योजना में ईमानदारी और प्रामाणिकता का अभाव है क्योंकि राजधानी में आधार कार्ड प्रमाणीकरण की कोई व्यवस्था नहीं है और न ही इलेक्ट्रॉनिक प्वाइंट ऑफ सेल (ई-पीओएस) कम्प्यूटरीकृत प्रणाली लागू है जबकि छोटे से छोटे राज्यों में भी दोनों व्यवस्था लागू हैं।

# चीन भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझीदार लेकिन नई दिल्ली कम नहीं करेगा पहरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

**भारत और चीन के बीच कड़वी गालवान घाटी की झड़प के लगभग एक साल बाद, नई दिल्ली ने धीरे-धीरे बीजिंग से लंबित निवेश प्रस्तावों को मंजूरी देना शुरू कर दिया है।**

जहां छोटे प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के प्रस्तावों को शुरूआती चरण में मंजूरी दी जा रही है। वहीं सूत्रों ने कहा कि भारत चीनी एफडीआई का विरोध नहीं कर रहा है। नाम न छापने की शर्त पर एक नीति निर्माता ने कहा भारत ने कभी भी चीनी एफडीआई पर प्रतिबंध नहीं लगाया है। नियामक ढांचे में एकमात्र बदलाव चीनी कंपनियों के निवेश के लिए अधिकारियों से अनुमोदन की आवश्यकता है। यह एक बहुत ही प्रतिगामी कदम नहीं है और हां हम सावधानी बरतेंगे और मुझे नहीं लगता कि इस तरह की चिंताओं को जन्म देना चाहिए। भारत एक-एक करके प्रस्तावों का अध्ययन करेगा और जिन मामलों में सुरक्षा को कोई खतरा नहीं होगा, उन्हें मंजूरी दी जाएगी। उन्होंने कहा, सरकार ने हमेशा कहा है कि आर्थिक विकास और रोजगार के अवसरों के लिए ( शेष पेज 2 पर )


**स्पेशल खबर** पाकिस्तान की नेशनल असेंबली ने ...

# कुलभूषण को अपील का अधिकार देने के लिए विधेयक पारित किया

**इस्लामाबाद(एजेंसी)।**

**पाकिस्तान की नेशनल असेंबली ने सरकार समर्थित एक विधेयक पारित किया है जो सजायाफ्ता भारतीय कैदी कुलभूषण जाधव को अपील का अधिकार देगा। मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी सामने आई है।**

'नेशनल असेंबली ने अंतरराष्ट्रीय न्याय अदालत (समीक्षा एवं पुनर्विचार) विधेयक, 2020 को बृहस्पतिवार को पारित किया जिसका लक्ष्य कथित भारतीय जासूस जाधव को अंतरराष्ट्रीय न्याय अदालत (आईसीजे) के फैसले के अनुरूप राजनयिक पहुंच उपलब्ध कराना है। भारतीय नौसेना के सेवानिवृत्त अधिकारी, 51 वर्षीय जाधव को पाकिस्तान की सैन्य अदालत ने जासूसी एवं आतंकवाद के आरोपों में अप्रैल 2017 को दोषी ठहराते हुए मौत की सजा सुनाई थी। भारत ने जाधव को राजनयिक पहुंच न देने और मौत की सजा को चुनौती देने के लिए पाकिस्तान के खिलाफ आईसीजे का रुख किया था। द हेग स्थित आईसीजे ने जुलाई 2019 में फैसला दिया कि पाकिस्तान को जाधव को दोषी



ठहराने और सजा सुनाने संबंधी फैसले की ''प्रभावी समीक्षा एवं पुनर्विचार करना चाहिए और बिना किसी देरी के भारत को जाधव के लिए राजनयिक पहुंच उपलब्ध कराने देने का भी अवसर देना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने अपने 2019 के फैसले में पाकिस्तान को, जाधव को दी गई सजा के खिलाफ अपील करने के लिए उचित मंच उपलब्ध कराने को कहा था। विधेयक पारित होने के बाद, कानून मंत्री फरोग नसीम ने कहा कि अगर उन्होंने विधेयक पारित नहीं किया होता तो भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद चला जाता और आईसीजे में पाकिस्तान के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू कर देता। नसीम ने कहा कि विधेयक आईसीजे के फैसले के मद्देनजर पारित किया गया है। उन्होंने कहा कि विधेयक पारित कर उन्होंने दुनिया को साबित कर दिया कि पाकिस्तान एक जिम्मेदार राष्ट्र है। विपक्षी सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया और तीन बार कोरम (कार्यवाही के दौरान उपस्थित सदस्यों की तय से कम संख्या) की कमी की ओर इशारा किया लेकिन हर बार सदन के अध्यक्ष ने सदन में पर्याप्त संख्या घोषित की और काम-काज जारी रखा।